# बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि०

**(बिहार सरकार का एक उपक्रम)**

शिक्षा भवन, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर, आचार्य शिवपूजन सहाय पथ, सैदपुर, पटना–800004

फोन नं0– 0612.2910314, फैक्स नं0– 0612–2660256, ई–मेलः- bseidc@gmail.com


## संविदा के आधार पर नियोजन
## अल्पकालीन विज्ञापन सं०–02/2023

**बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि०, पटना (बी०एस०ई०आई०डी०सी०) जो कि शिक्षा विभाग, बिहार के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत है के द्वारा अर्हत्ता प्राप्त अभ्यर्थियों से शुद्ध रूप से संविदा के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन पत्र निम्नलिखित पद के लिए आमंत्रित करता हैः–**

| क्र० सं० | पद का नाम | पद की संख्या | | | | | | | | मानदेय (प्रति माह) | आयु सीमा | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना० | अ०पि०व० | अ०जा० | पि०व० | आ०क०व० | पि०व० (म०) | अ०ज०जा० | कुल | | | |
| 1 | मुख्य अभियंता (असैनिक) | 1 | | | | | | | 1 | सरकारी नियम के अनुसार | सेवानिवृत्त व्यक्ति के लिये (64 वर्ष) | राज्य सरकार या केन्द्र सरकार या इनके अधीन किसी निगम में कार्यरत मुख्य अभियंता (असैनिक) स्तर के पदाधिकारी या इस स्तर की अहर्त्ता रखने वाले सेवानिवृत कर्मियों मे से सेवा हेतु राज्य सरकार के निहित शर्तों के अधीन लिया जायेगा। |
| 2 | अधीक्षण अभियंता–सह–मुख्य परामर्शी (मु०) | 1 | | | | | | | 1 | सरकारी नियम के अनुसार | सेवानिवृत्त व्यक्ति के लिये (64 वर्ष) | राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार/सरकार लोक उपक्रमों में कार्यरत अधीक्षण अभियंता (असैनिक) या इस स्तर की अहर्त्ता रखने वाले सेवानिवृत कर्मियों मे से सेवानिवृत की सेवा लेने के राज्य सरकार के निहित शर्तों के अधीन लिया जायेगा। |
| 3 | अधीक्षण अभियंता (उत्तर एव दक्षिण–असैनिक) | | 1 | | | | | | 1 | सरकारी नियम के अनुसार | सेवानिवृत्त व्यक्ति के लिये (64 वर्ष) | राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार/सरकार लोक उपक्रमों में कार्यरत अधीक्षण अभियंता (असैनिक) या इस स्तर की अहर्त्ता रखने वाले सेवानिवृत कर्मियों मे से सेवानिवृत की सेवा लेने के राज्य सरकार के निहित शर्तों के अधीन लिया जायेगा। |
| 4 | कार्यपालक अभियन्ता (असैनिक) | 2+ 1(F) | 1 | 1(F) | 1(F) | 1 | | | 7 | 55,000/- | सेवानिवृत्त व्यक्ति के लिये (64 वर्ष) | बी०टेक०/बी०ई० (असैनिक), कम से कम 12 वर्ष का अनुभव/राज्य सरकार द्वारा कार्यरत कार्यपालक अभियंता (असैनिक) या कार्यपालक अभियंता बनने की कालावधि प्राप्त कर चुके सहायक अभियंता (असैनिक) को भी प्रतिनियुक्ति के आधार पर लिया जायेगा या अर्हता रखने वाले सेवानिवृत कर्मियों में से सेवानिवृत की सेवा लेने के राज्य सरकार के निहित शर्तों के अधीन लिया जायेगा। |
| 5 | परामर्शी (संरचना) | 1 | | | | | | | 1 | 45,000/- | 01.04.2023 को (50 वर्ष) | एम०टेक० स्ट्रक्चरल इंजिनियरिंग में, भवन निरूपण में 05 वर्ष के अनुभव तथा विशेषज्ञता सहित |
| 6 | विधि पदाधिकारी | 1 | | | | | | | 1 | 36,000/- | 01.04.2023 को (50 वर्ष) | एल०एल०बी०, कम से कम 02 वर्ष का अनुभव सहित |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | लेखा अधिकारी | - | 01 (Back log) | - | | - | - | - | 1 | 28,000/- | 01.04.2023 को (50 वर्ष) | एम०बी०ए०(वित्त) / एम०कॉम० 05 वर्ष का अनुभव सहित |
| 8 | गुण नियंत्रण पदाधिकारी | 1 | - | - | - | - | - | | 1 | 40,000/- | 01.04.2023 को (50 वर्ष) | बी0एस0सी0 (भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित) गुण नियंत्रण में 10 वर्ष के अनुभव / सेवा निवृत सहायक निदेशक, गुण नित्रयंण / राज्य सरकार द्वारा कार्यरत् सहायक निदेशक, गुण नियंत्रण को भी प्रतिनियुक्ति पर लिया जा सकता है। |
| 9 | सहायक अभियंता (विद्युत) | 01(F) | 1 | - | - | - | - | - | 2 | 42,000/- | 01.04.2023 को (50 वर्ष) | इलेक्ट्रिकल इंजीनियर में बी0ई0 / बी0टेक न्यूनतम 5 वर्ष की योग्यता |
| 10 | सहायक गुण नियंत्रण पदाधिकारी | 1 | 1 | - | | - | - | - | 2 | 24,500/- | 01.04.2023 को (50 वर्ष) | बी०एस०सी० (भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित) गुण नियंत्रण में 07 वर्ष का अनुभव / सेवा निवृत सहायक शोध पदाधिकारी / राज्य सरकार में कार्यरत सहायक शोध पदाधिकारी को भी प्रतिनियुक्ति पर लिया जा सकेगा |
| 11 | लेखा लिपिक | 06+2 (F) | 1 | 1 | - | 1 | - | 1 | 12 | 20,000/- | 01.04.2023 को (50 वर्ष) | बी0काम0 / इंटर सी0ए0, कम्प्युटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा के साथ Tally का ज्ञान आवश्यक है। |

**सामान्य निर्देशः–**

1 अधिकतम आयु सीमा की गणना दिनांक–01.04.2023 के अनुसार 50 वर्ष मान्य होगी।

2 विहित अर्हत्ता को पूर्णकालिक नियमित छात्र के रूप में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से प्राप्त डिग्री ही मान्य होगी। अभ्यर्थी को दूरस्थ शिक्षा / पत्राचार कोर्स / अंशकालिक कोर्स से प्राप्त डिग्री उपरोक्त किसी पद पर आवेदन मान्य नहीं होगे।

3 डिग्री / डिप्लोमा परीक्षा के सापेक्ष अंकतालिका में वर्णित ग्रेड्स को विश्वविद्यालय / संस्थान के निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप अंको को प्रतिशत में दर्शाना जाना चाहिए।

4 प्रत्येक पद के लिए 600 / – रुपये (छः सौ मात्र) का आवेदन शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से भुगतान किया जाना है। आवेदन शुल्क के बिना प्राप्त आवेदन को स्वतः निरस्त माना जायेगा।

5 अपेक्षित योग्यता रखने वाले तथा पात्रता मापदंडों को पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा लिंक https://onlineapplication.bseidc.in के माध्यम से आवेदन करना होगा। निर्धारित लिंक को निगम की वेबसाइट www.bseidc.in पर देखा जा सकता है। किसी भी परिस्थिति में हार्ड कॉपी में आवेदन जमा करने की अनुमति नहीं होगी।

6 अभ्यर्थी की आयु, जाति, योग्यता और अनुभव (जैसा कि विज्ञापन में उल्लेखित है), से संबंधित प्रासंगिक प्रमाणपत्रों की प्रति के साथ नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ के साथ अपलोड करने होंगे। पोर्टल के अनुसार निर्धारित अभिलेखों को अपलोड करने में विफल होने की दशा में अभ्यर्थी का आवेदन को सीधे तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा। प्रतिनियुक्ति / सेवानिवृत्त पदों पर आवेदन करने हेतु बिहार सरकार की शर्तो के अधीन आवश्यक अभिलेख अपलोड करना आवश्यक है।

7 शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर लिखित परीक्षा (यदि आवश्यक हो) तत्पश्चात् व्यक्तिगत साक्षात्कार (अनिवार्य) में उपस्थित होना होगा। भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी यात्रा / दैनिक भत्ते अथवा अन्य किसी व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।

8 उक्त विज्ञापन के लिए केवल बिहार सरकार के अधीन लागू आरक्षण नीति ही मान्य होगी, राज्य से बाहर के अभ्यर्थियों के लिए किसी अन्य राज्य की आरक्षण नीति मान्य नही होगी।

9 बिहार सरकार की आरक्षण नीति की शर्तो के अनुसार महिला अभ्यर्थियों को 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया जाएगा।

10 आवेदन केवल ऑनलाइन मोड सें प्राप्त किये जायेंगे। आवेदन जमा करने का कोई अन्य माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा। बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम (बीएसईआईडीसी) को नेटवर्क की विफलता या किसी अन्य अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण पोर्टल में किसी भी बाधा के लिए उत्तरदायी नहीं माना जाएगा। सभी अभ्यार्थियों से अनुरोध है कि ऑनलाइन मोड में आवेदन पत्र भरने से पूर्व आवेदन पत्र एवं विज्ञापन में वर्णित नियमों / शर्तो को ध्यान से पढ़ें। विज्ञापन में उल्लिखित अंतिम तिथि एवं समय के उपरान्त पोर्टल स्वचालित रूप से स्वतः लॉक हो जाएगा।

11 सभी पद नॉन–प्रैक्टिसिंग हैं और परिलब्धियों को सभी भत्तों आदि सहित समेकित किया जाता है। सेवानिवृत्त अभ्यर्थियों के लिए पद के विरुद्ध पारिश्रमिक नीति बिहार सरकार के नियमों के अधीन मान्य होगी।

12 ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल 29.05.2023 समय पर शुरू होगा और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 19.06.2023, शाम 05:00 बजे होगी। आवेदन की छायाप्रति एवं मूल डिमांड ड्राफ्ट स्पीड पोस्ट / रजिस्टर पोस्ट के माध्यम से प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि० पटना–80004 को 24.06.2023 शाम 05:00 बजे तक स्वीकार होगा। मूल डिमांड ड्राफ्ट के पीछे आवेदक का नाम, पोस्ट, जन्म तिथि लिखना सुनिश्चित करेंगे।

13 साक्षात्कार / लिखित परीक्षा (आवश्यकतानुसार) की तिथि की सूचना विभागीय वेब पेज के माध्यम से अभ्यर्थियों को दी जाएगी। साक्षात्कार, लिखित परीक्षा के दिन ही अथवा इस आशय की सूचना के उपरान्त बाद में किया जायेगी।

प्रबन्ध निदेशक
18/5/2023